कार्यालय:प्रधानाचार्य, शेखुल हिन्द मौलाना महमूद हसन मेडिकल कालेज,अम्बाला रोड,सहारनपुर।

NO GMCS/2014 Eq.R/709 | Dt 31 July, 2014

निविदा सूचना

शेखुल हिन्द मौलाना महमूद हसन मेडिकल कालेज सहारनपुर के विभिन्न विभागों हेतु विभिन्न प्रकार के शिक्षण एवं चिकित्सकीय उपकरणों की आपूर्ति एवं स्थापना हेतु उच्च गुणवत्ता वाली ख्यातिलब्ध निर्माता फर्मो (भारतीय/विदेशी) अथवा उनके अधिकृत भारतीय वितरकों से टू बिड सिस्टम पर आधारित मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक दिनांक–09 अगस्त 2014 से 06 सितम्बर 2014 तक शेखुल हिन्द मौलाना महमूद हसन मेडिकल कालेज, अम्बाला रोड सहारनपुर से प्राप्त की जा सकती है। निविदा शुल्क (नानरिफण्डेबिल) निम्नांकित तालिका के अनुसार प्रत्येक उपकरण हेतु नगद जमा किया जाएगा। मुहरबन्द निविदायें (तकनीकी एवं भावपक्ष मूल एवं प्रतिलिपि अलग–अलग मुहरबन्द लिफाफों में) दिनांक 08 सितम्बर 2014 को अपरान्ह 02 बजे तक कार्यालय प्रधानाचार्य शेखुल हिन्द मौलाना महमूद हसन मेडिकल कालेज, सहारनपुर में जमा की जायेगी। प्रत्येक निविदा प्रपत्र के लिफाफे के ऊपर निविदा संख्या एवं आइटम का नाम स्पष्ट रूप से लिखना होगा। तकनीकी भावपक्ष वाली प्राप्त निविदायें दिनांक 08 सितम्बर 2014 को अपरान्ह 02.30 बजे तक निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेंगी। यदि अन्तिम कार्यदिवस पर कोई अवकाश घोषित हो जाता है, तो उसके अगले कार्यदिवस को निर्धारित तिथि माना जाएगा। किसी भी कारण से विलम्ब से प्राप्त होने वाले निविदा प्रपत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किए जाएगे। सभी नियम एवं शर्ते एवं उपकरणों/कार्य के तकनीकी विशिष्टताएं जैसा कि निविदा प्रपत्रों में अंकित है, को इस टेण्डर संख्या का अभिन्न अंग माना जाएगा। ई0एम0डी0, एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 फार्म में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से, जो कि प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, सहारनपुर के नाम से होगी, को निविदा की तकनीकी निविदा के साथ अलग से सील्ड कवर लिफाफे में अंकित करते हुए स्वीकार किया जाएगा। उपकरणों की संख्या घटायी व बढ़ायी जा सकती है। प्रधानाचार्य को बिना कारण बताये निविदा स्वीकार एवं अस्वीकार किये जाने अथवा निविदा सूचना में विज्ञापित किसी भी आइटम का क्रय स्थगित/निरस्त करने अथवा नहीं करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी न्यायिक विवाद की स्थिति में लीगल ज्यूरीडिक्शन जिला–सहारनपुर, उ0प्र0 के मा0 न्यायालय में होगा।

यह पुन निविदा सूचना निम्नांकित उपकरणों के लिए है–

S. N.	Item No.	Name of Equipment	Qty Required	EMD	Cost of Tender
1	1	ICU Beds	5	10000	Rs.500+VAT 5%

इस निविदा सूचना को उत्तर प्रदेश सरकार की अधिकृत वेबसाइट www.upgovt.nic.in, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एंव प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश लखनऊ की अधिकृत वेबसाइट www.updgme.in तथा मेडिकल कालेज की वेबसाइट www.smmhmedicalcollege.com पर देखा जा सकता है।

प्रधानाचार्य